भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †666
सोमवार, 24 जुलाई, 2023/2 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

केरल में क्रूज पर्यटन की स्थिति

†666. श्री थोमस चाज़िकाडन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केरल राज्य में क्रूज पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं;

(ख) आज की तिथि के अनुसार राज्य में क्रूज पर्यटन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) केरल में क्रूज पर्यटन की भारी संभावनाएं होने के बावजूद इसका कम विकास होने के क्या कारण हैं;

(घ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान केरल में क्रूज पर्यटन के विकास के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ङ) क्या सरकार ने केरल में क्रूज पर्यटन के संवर्धन और विकास के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है; और

(च) यदि हां, तो ऐसी कार्य योजना से कितना रोजगार सृजित होने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): केरल में क्रूज पर्यटन के लिए अपार संभावनाएं हैं। केरल में क्रूज पर्यटन विकसित किया गया है।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोचीन पोर्ट ने पिछले 10 वर्षों में 380649 से अधिक यात्रियों की मेजबानी की है और 327 क्रूज जहाजों में 173110 कर्मी दल पहुंचे हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान कोचीन पोर्ट पर क्रूज आगमन का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

कोचीन भारत के प्रमुख पोर्टों में से एक है। अंतरराष्ट्रीय क्रूज कॉल के अलावा, कोचीन पोर्ट सितंबर 2021 से कॉर्डेलिया क्रूज की सेवाओं की शुरुआत के साथ ही घरेलू क्रूज की भी मेजबानी करता है। अब तक, 53826 यात्रियों को ले जाने वाली 28 घरेलू कॉलों को हेंडल किया गया है। वर्ष 2021-22 के दौरान प्रति कॉल 878 यात्रियों की तुलना में वर्ष 2022-23 के दौरान प्रति कॉल औसत आरोहण बढ़कर 1128 यात्री हो गया है।

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) शिपिंग और नेविगेशन के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग (एनडब्ल्यू) के विनियमन और विकास के लिए अधिदिष्ट है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा केरल में एनडब्ल्यू-3, एनडब्ल्यू-8 और एनडब्ल्यू-9 के व्यापक विकास के लिए हाथ में लिया गया है।

आईडब्ल्यूएआई द्वारा राष्ट्रीय जलमार्गों पर विकसित अवसंरचना का उपयोग पर्यटक जहाजों द्वारा भी किया जाता है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी योजनाओं के अंतर्गत केरल में कोचीन पोर्ट पर क्रूज पर्यटन/अवसंरचना के विकास के लिए निम्नलिखित परियोजनाएं स्वीकृत की हैं -

स्वदेश दर्शन योजना:-

स्वीकृति वर्ष	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रुपये में)**
2018-19	मलानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35

केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता:-

स्वीकृति वर्ष	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (लाख रुपये में)**
2018-19	कोचीन पोर्ट क्रूज टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास	120.79
2018-19	कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण	466.47
2019-20	नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल पर अतिरिक्त अवसंरचना के विकास के लिए सीएफए	1029.70

(ङ) और (च): भारत को विश्व स्तर पर क्रूज पर्यटन के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने क्रूज पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति का मसौदा तैयार किया है। अवसंरचना और परिपथ सक्षमीकरण, बाजार विकास और कौशल विकास के लिए रणनीति दस्तावेज में निम्नलिखित रणनीतिक स्तंभों को चिह्नित किया है:

- अवसंरचना एवं परिपथ सक्षमता
- बाजार विकास
- क्रूज पर्यटन के लिए व्यापार में सुगमता
- क्रूज टमनलों के चारों ओर एकीकृत पर्यटन
- क्रूज पर्यटन में निवेश को सुविधाजनक बनाना और इसे बढ़ावा देना।
- क्रूज पर्यटन के लिए कौशल विकास
- संस्थागत संरचना और शासन

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार क्रूज जहाजों के आगमन से टूर ऑपरेटरों, पर्यटक गाइडों आदि के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए जाते हैं। केरल सरकार के अधीन जिला पर्यटन संवर्धन परिषद, एर्नाकुलम आने वाले क्रूज पर्यटकों के लिए 400 से अधिक वाहनों के साथ एक प्रीपेड टैक्सी/ऑटो काउंटर का संचालन कर रहा है जिससे चालकों को

प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हो रहा है। कोचीन पोर्ट स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए हस्तशिल्प और स्थानीय वस्तुओं को बेचने वाले स्थानीय व्यापारियों के लिए स्टाल आवंटित करता है।

*****

अनुबंध

केरल में क्रूज पर्यटन की स्थिति के संबंध में दिनांक 24.07.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †666 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

वर्ष	**जहाजों की संख्या**	**यात्री**	**कर्मी दल**
2022-23	31	36403	13821
2021-22	9	14004	5270
2020-21	0	0	0
2019-20	44	67907	30718
2018-19	49	62753	28828
2017-18	42	47,727	21552
2016-17	46	57129	27493
2015-16	33	35541	16247
2014-15	39	32031	14925
2013-14	34	27154	14256
कुल	**327**	**380649**	**173110**

*****